Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 965 / M-7 / 55 दिनांक : 25-05-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **2 साल से अधूरी पड़ी 'हर घर जल' योजनाःपरसिद्धपुर में पाइपलाइन बिछी, बोरिंग हुई; लेकिन घरों तक नहीं पहुंचा पानी के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"2 साल से अधूरी पड़ी 'हर घर जल' योजनाः परसिद्धपुर में पाइप लाइन बिछी, बोरिंग हुई, लेकिन घरों तक नही पहुचा पानी"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है। उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि सन्दर्भित पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) द्वारा योजना के निर्माण कार्य कराएं जा रहे है। वर्तमान में योजना पर नलकूप बोरिंग का कार्य, वितरण प्रणाली 25 प्रतिशत पूर्ण है। शासन द्वारा योजना पर धनावन्टन न होने के कारण कार्य की प्रगति अवरूद्ध है। शासन द्वारा धनावन्टन के उपरान्त योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

# 2 साल से अधूरी पड़ी 'हर घर जल' योजना: परसिद्धपुर में पाइपलाइन बिछी, बोरिंग हुई; लेकिन घरों तक नहीं पहुंचा पानी

विकाश त्रिवेदी | खागा
6 दिन पहले



परसिद्धपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित 'हर घर जल' योजना पिछले दो वर्षों से अधूरी पड़ी है।